भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1105

गुरुवार, 27 जून, 2019/6 आषाढ़, 1941 (शक)

केरल में बाई-पास और फ्लाई ओवरों का निर्माण

1105. एडवोकेट अदूर प्रकाशः
श्री कोडिकुन्नील सुरेशः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा केरल के अटिंगल में नए बाई-पास के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार बिना किसी देरी के भूमि अधिग्रहण और परियोजना को पूरा करने के लिए तुरंत उपाय करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार केरल में राष्ट्रीय राजमार्ग-744 के कोट्टाराक्कारा शहर में लगातार ट्रैफिक जाम के समाधान हेतु नए बाई-पास या फ्लाई ओवरों को बनाने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजनार्थ कितना आवंटन किया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार को राज्य में बाई-पास या फ्लाई ओवर के निर्माण हेतु और कोट्टाराक्कारा में मौजूदा एनएच-744 को चौड़ा करने के लिए केरल से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (च): माल ढुलाई और यात्रियों के आवागमन की दक्षता के अधिकतम उपयोग के लिए भारतमाला परियाजना के आर्थिक गलियारों (लगभग 720 किमी), अंतर-गलियारे मार्ग (लगभग 128 किमी), राष्ट्रीय गलियारे (लगभग 118 किलोमीटर), आदि के तहत केरल के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों की पहचान की जाती है। वर्तमान में कार्य डीपीआर चरण में हैं। इसमें अटिंगल में बाईपास का निर्माण और कोट्टारकारा में रारा का विकास भी शामिल है। विभिन्न खंडों का विकास कार्य पूर्व-निर्माण आवश्यकता, परस्पर-प्राथमिकता, संसाधनों की उपलब्धता, आदि के संदर्भ में तैयारियों के आधार पर किया जाता है।

*****